हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 16 जनवरी 2026

9 सेठ किरोड़ीमल ने कन्या शिक्षा को ध्यान में रख ...




10 संवैधानिक अधिकारों के दमन के खिलाफ ...



**खबर संक्षेप**

### वार्ड 22 में 17 को लगेगा खुला दरबार

**भिवानी।** शनिवार (17 जनवरी) को वार्ड -22 में शिव मंदिर के पास स्वर्ग आश्रम के पास फ्लाई ओवर के नीचे कृष्णा कॉलोनी में खुला दरबार लगाया जाएगा। नगरपरिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि इस दौरान लोगों की समस्याएं सुनी जाएगी और उनका मौके पर ही समाधान करवाया जाएगा। इस अवसर पर नगरपरिषद के सभी अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### वाहन की चपेट में आने से किसान की मौत

**भिवानी।** जुई- बाढड़ा मोड़ हादसों का सबब बनता जा रहा है,पिछले 10 सालों में यहां लगभग 25 सड़क दुर्घटना हो चुकी है। कल देर शाम भी यहां जुई खुर्द निवासी 45 वर्षीय किसान सुरेश ने सड़क हादसे में अपनी जान गंवा दी। मृतक के चहेरे भाई ने बताया कि सुरेश खेतों में जा रहा था ,तो अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया ,जब उन्हें खेत के पड़ोसी से पता चला तो मौके पर पहुंचे तथा डायल 112 व एम्बुलेंस में सुरेश को भिवानी के नागरिक अस्पताल में लाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया।

### आरोपी को हेरोइन के साथ किया गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना सदर पुलिस भिवानी ने एक व्यक्ति को मादक पदार्थ हेरोइन के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना सदर पुलिस भिवानी के एएसआई विजेंद्र सिंह की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नाकाबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। आरोपी की पहचान दीपक उर्फ नोनी पुत्र राजबीर, निवासी दिनोद, जिला भिवानी के रूप में हुई है।

### पिचोपा खुर्द में लोगों को करवाया योग

**बाढ़ड़ा।** हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग हरियाणा के दिशा निर्देशानुसार पिचोपा खुर्द में योग सहायक योगेश के द्वारा ग्रामीणों को सूर्य नमस्कार योग, आसन ओर प्राणायाम का योगाभ्यास करवाया। ये कार्यक्रम जिला चरखी दादरी में आयुष विभाग के जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर राकेश वशिष्ठ, जिला योग कॉर्डिनेटर डॉक्टर प्रमिल फौगाट के मार्गदर्शन में 12 फरवरी तक स्वामी दयानंद सरस्वती जी की जयंती तक चलेंगे। इस दौरान योगेश ने आज पिचोपा खुर्द की व्यायाम शाला में बच्चों, बुजुंग महिलाओं ओर नौजवान साथियों को सूर्य नमस्कार करवाया।

### शीतलहर से बचने के लिए एहतियात बरतें

**चरखी दादरी ।** उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने लोगों से सचेत होकर शीतलहर आपदा से बचाव का आह्वान किया है। उपायुक्त ने कहा कि शीत लहर के समय यथासंभव घर के अंदर ही रहे और कम से कम यात्रा करें। उपायुक्त ने कहा कि बुजुर्ग और बच्चों का ठीक से देखभाल करें और गर्म तरल पदार्थ नियमित लेते रहें।

# धुंध ने घटाई दृश्यता, एम्बुलेंस सहित चार वाहन तूड़े से भरी ट्राली से भिड़े

## ज्यादा धुंध की वजह से रोडवेज बसों और रेलगाड़ियों के पहियों पर भी ब्रेक लग गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बीती रात से जबरदस्त धुंध की चादर तनी हुई थी। रात को दृश्यता घटकर बिलकुल कम रह गई। जिस वजह से भिवानी-लोहारू नेशनल हाईवे-709ई पर एक तूड़े से भरा ट्रैक्टर ट्राली सड़क के बीच में पलट गई। बाद दृश्यता कम होने की वजह से सड़क पर पलटी ट्रैक्टर ट्राली से एम्बुलेंस सहित चार अन्य वाहन टकरा गए। गनीमत यह रही कि वाहनों के आपस में टकराने की वजह से किसी की जनहानि नहीं हुई। ट्रैक्टर ट्राली पलटने से रोड तो पूरी तरह से बाधित हो गया। दिन निकलने के बाद ही ट्रैक्टर ट्राली को सड़क से एक तरफ किया गया। उसके बाद ही वाहनों का आवागमन शुरू हो पाया।

भिवानी लोहारू रोड पर तूड़े से भरी ट्राली रात को पलट गई। जिसके कारण रोड भी बाधित हो गया। यह वाक्या करीब 12 बजे के आसपास का था। उस वक्त जबरदस्त धुंध छाई हुई थी। जिसके कारण दृश्यता काफी कम रही। सड़क पर धुंध की वजह से ट्रैक्टर व ट्राली नजर न आने की वजह से ट्राली से एक एंबुलेंस, एक कैंटर व एक कार भिड़ गई। गनीमत यह रही कि जिस वक्त उक्त वाहन ट्राली से टकराए। उस वक्त उनकी गति बेहद कम थी। जिस वजह से जन हानि नहीं हुई। अगर थोड़ी सी ज्यादा स्पीड होती तो ज्यादा नुकसान हो सकता था। पर भिड़ने वाले सभी वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।







### भिवानी से जुई जा रही थी एंबुलेंस

एंबुलेंस कंट्रोल रूम के फ्लीट मैनेजर नवदीप ने बताया कि जुई से एंबुलेंस मरीज को लेकर भिवानी आई थी। इसके बाद एंबुलेंस भिवानी से वापस जुई जा रही थी। इसी दौरान लोहारू रोड पर ट्राली पलटी हुई थी जिसके कारण एंबुलेंस ट्राली से टकरा गई। हालांकि इस हादसे में एंबुलेंस तो क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन किसी को गंभीर चोटें नहीं आई।

### कड़ाके की ठंड से कंपकपी छूटती रही

ज्यादा धुंध की वजह से रोडवेज व रेलगाड़ियों के पहियों पर ब्रेक लग गए। हालांकि गंतव्य के लिए सभी बसें व रेलगाडियों को रवाना किया गया,लेकिन वे निर्धारित समय से करीब दो से ढाई घंटे देरी से पहुंची। सबसे ज्यादा सुबह सेवेरे जाने वाली बसों की रही। बसें निर्धारित समय पर रवाना हुई,लेकिन गंतव्य तक पहुंचने में अतिरिक्त समय लगा। धुंध की वजह से वाहन चालकों को अतिरिक्त समय तो लगा ही साथ में अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी पड़। क्योंकि वाहन एक दूसरे वाहन के पीछे लग कर गंतव्य तक पहुंचे। यह स्थिति दोपहर 11 बजे तक बनी रही। साढ़े 11 बजे सूर्यदेव के दर्शन हुए तो लोगों को कड़ाके की ठंड से राहत मिली। दूसरी तरफ धीमी गति से हवा चलने की वजह से जबरदस्त ठिठुरन बनी रही।



**भिवानी।** विधायक सर्राफ से मुलाकात करता व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल।

## शहर के चर्चित धोखाधड़ी मामले ने एक बार फिर पकड़ा तूल

# विधायक सर्राफ से मिला व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल,आरोपी ने मांगा समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहर के चर्चित धोखाधड़ी मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। इस मामले में न्याय की गुहार लगाते हुए शहर के प्रमुख व्यापारियों और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक घनश्यामदास सर्राफ से मुलाकात की। विधायक सर्राफ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत हस्तक्षेप किया और आरोपियों से स्पष्टीकरण मांगा है।

पीड़ित व्यापारी अंशुल लोहिया के साथ आरोपी ने दुकान का सौदा किया था। आरोप है कि इस सौदे के नाम पर व्यापारी से रुपये ठग लिए गए। प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान विधायक सर्राफ ने आरोपी से फोन पर बात की। विधायक से बातचीत के दौरान आरोपी व्यापारी ने अपना पक्ष रखने और मामले को सुलझाने के लिए दो दिन का समय मांगा, जिसके बाद विधायक ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाते हुए कहा कि किसी भी सूरत में अन्याय नहीं होने दिया जाएगा । पुरानी अनाजमंडी के प्रधान एवं भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक इंद्र केडिया ने कहा कि धोखाधड़ी से व्यापारी समाज में रोष हैं। विधायक से मिलने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में अग्रवाल सभा प्रधान सुनील सर्राफ, अखिल मित्तल, सतीश वेद जीडी गोयंका स्कूल, मुकेश बंसल, पंकज कसेरा व वंश गुप्ता आदि शामिल थे।

# अधिकारी नागरिकों की शिकायतों का स्थायी समाधान करें : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखीदादरी

उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि वे समाधान शिविरों की शिकायतों का निपटारा करते समय संबंधित नागरिक से बात कर उसे संतुष्ट करें ताकि शिकायतें निपटारे के बाद रि-ओपन न हो। वहीं अधिकारी इन शिकायतों का उचित निपटारा करवाएं, जिससे शिकायतों का स्थायी समाधान हो सके।

डॉ. मुनीश नागपाल ने लघु सचिवालय हाल में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने नागरिकों की समस्याएं सुनने के दौरान मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे इन शिकायतों का यथाशीघ्र उचित निपटारा करें ताकि समाधान शिविर में पहुंचने वाले नागरिकों को राहत मिले। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने कहा कि अधिकारी शिकायतों के निपटारे के समय संबंधित नागरिक से अवश्य बात करें। उन्होंने समाधान शिविरों के लंबित व रि-ओपन हुई शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायतों के निपटारे के दौरान उचित कार्यवाही करें ।



**चरखीदादरी।** समाधान शिविर में समस्या सुनते उपायुक्त।

### सोमवार और वीरवार को सुनीं जाती हैं शिकायतें

उपायुक्त डॉ नागपाल ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा हर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय तथा उपमंडल मुख्यालय पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। इन समाधान शिविरों में सभी विभागों के उच्चाधिकारी मौजूद रहकर शिकायतों का निपटारा कर रहे है। एक छत के नीचे सभी विभागों से संबंधित शिकायतों/समस्याओं का मौके पर निपटारा करना समाधान शिविरों का उद्देश्य है।

# बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट एसडीएम की टीम नें बसों के कागजात जांचे

- निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने स्पीड गवर्नर, संचालक का नाम, फिटनेस प्रमाणपत्र, चालक का वैध लाइसेंस, आधार नंबर और मोबाइल नंबर की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

एसडीएम प्रदीप अहलावत ने वीरवार को निजी स्कूल बसों का निरीक्षण किया। उनके साथ पुलिस, परिवहन विभाग और आरटीओ कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। एसडीएम प्रदीप अहलावत सिवानी मार्ग पर स्थित पीएम नवयुग स्कूल पंहुचे और बसों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने स्पीड गवर्नर, बसों पर पीला पेंट, संचालक का नाम, फिटनेस प्रमाणपत्र, चालक का वैध लाइसेंस, आधार नंबर और मोबाइल नंबर की जांच की गई।

एसडीएम ने बसों में आपातकालीन गेट, जीपीएस ट्रैकर, सीट बेल्ट, इंशोरेंश व सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे, आग बुझाने के फायर सिलेंडर, फस्टेड किट आदि की चैंकिग की। एसडीएम ने बसों में यह भी सुनिश्चित किया कि चालक एवं परिचालक के पास वैध लाइसेंस और पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र हो। एसडीएम ने बसों में सभी संयंत्रों के कागजात की अंतिम तिथि का भी निरीक्षण किया। एसडीएम प्रदीप अहलावत ने सभी स्कूल प्रबंधकों को निर्देश दिए कि वे सरकारी मानकों का पूरी तरह पालन करें और बसों



**तोशाम।** निजी स्कूलों के बसों के कागजातों की जांच करती टीम।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर थाना प्रभारी महावीर सिंह, आरटीए ऑफिस से युद्धवीर सिंह, रोडवेज से एसएसए विजय कुमार, स्कूल संचालक देवेंद्र पायल, प्राचार्य अनिल कुमार, योगेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पुलिसकर्मियों ने किया सामूहिक सूर्य नमस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

थाना बाढ़ड़ा के पुलिसकर्मियों ने 12 जनवरी से 12 फरवरी तक आयोजित राष्ट्रव्यापी सूर्यनमस्कार अभियान के अंतर्गत सूर्यनमस्कार किया। पुलिस कर्मचारियों को सूर्य नमस्कार के फायदों से अवगत करवाया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी से महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती 12 फरवरी तक आयोजित होने वाले हर घर परिवार-सूर्य नमस्कार के तहत पुलिस कर्मचारियों को सूर्य नमस्कार करवाया जा रहा है। योगासन के माध्यम से फिटनेस की संस्कृति बनाने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सूर्य नमस्कार कार्यक्रम शुरू किया है। सूर्य नमस्कार योग प्रतिरक्षा में सुधार और जीवन शक्ति में वृद्धि लाता है, सूर्य नमस्कार योग का मूल रूप है। सूर्य नमस्कार पूरे शरीर की ताकत में सुधार करता है, सहनशक्ति का निर्माण करता है और लचीलेपन का विकास करता है। कार्यक्रम में थाना बाढड़ा में तैनात पुलिस अधिकारियो और कर्मचारियों ने सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में भाग लिया।

# जागरूकता कार्यक्रम में सुपरवाइजर ने महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने के लिए किया प्रेरित

- हर परिवार तक स्वास्थ्य संदेश पहुंचाना पोषण जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य : सुपरवाइजर प्रगति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान तथा अतिरिक्त उपायुक्त के निर्देशानुसार जिलाभर के आंगनबाड़ी केंद्रों पर जागरूकता कार्यक्रमों की एक विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को स्थानीय ढाग्यान पाना स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी सुपरवाईजर प्रगति कुमारी ने स्वस्थ जीवन में सही खान-पान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की देखरेख, टीकाकरण, पोषण, स्वच्छता, परिवार नियोजन सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर महिलाओं को जागरूक किया तथा बताया कि बच्चों के शुरुआती 1000 दिन उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने महिलाओं को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध मौसमी फल और सब्जियों को भोजन में शामिल करने, भोजन बनाने, खाने से पहले हाथों की सफाई सुनिश्चित करने, गर्भवती महिलाओं और किशोरियों को आयरन युक्त भोजन व आयरन की गोलियों के सेवन जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारियां दी। सुपरवाईजर प्रगति कुमारी ने बताया कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से विभाग का लक्ष्य जमीनी स्तर पर हर परिवार तक स्वास्थ्य संदेश पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं स्वयं स्वस्थ व जागरूक रहेंगी, तभी वह अपने बच्चों व परिवार को जागरूक कर सकती है।



**सौगात** करीब 14 से 15 लाख रुपये आएगी लागत

# सिटी स्टेशन रोड पर अधूरा पड़ा सड़क निर्माण कार्य हुआ शुरू

## क्षेत्रनिवासियों ने किया उपायुक्त साहिल गुप्ता का आभार प्रकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार की गई ठोस विभागीय कार्रवाई के चलते शहीद भगत सिंह चौक से सिटी रेलवे स्टेशन को जाने वाली मुख्य सड़क के बीच अधूरे पड़े सडक़ मार्ग का निर्माण कार्य हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा शुरू करवा दिया गया है। यह सडक़ मार्ग पूरा होने पर इस क्षेत्र में दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा।

उल्लेखनीय है कि शहीद भगत सिंह चौक से सिटी रेलवे स्टेशन तक मुख्य सडक़ मार्ग है, जिससे हजारों लोग रोजाना वाहनों में, साइकल से पैदल आवागमन करते हैं। इस सडक़ पर मार्ग के बीच में माननीय न्यायालय के माध्यम से स्टे ऑर्डर के चलते हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण इस सडक़ का निर्माण कार्य पूरा नहीं करवा सका था। सडक़ मार्ग बीच में बाधित होने से यहां अक्सर दोपहिया और फोर व्हीलर फोर व्हीलर वाहनों से हादसे होते रहते थे, वहीं दूसरी ओर आमजन को बड़ी परेशानी हो रही थी। सेक्टर 13 और 23 से रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने सड़क अवरुद्ध होने का मामला जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में भी कई बार उठाया था।



### सेक्टर 23 रेजिडेंट वेलफेयर एसो. ने जताया आभार

ग्रेप की पाबंदी हटते ही उपायुक्त के आदेश पर विभाग ने सड़क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया। पिछले तीन रोज से करीब 50 से 60 मीटर तक के इस टुकड़े पर मोटी रोड़ी डालने का काम शुरू हो गया है। विभाग के कनिष्ठ अभियंता करुण कुमार ने बताया कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का प्रयास इस सडक़ का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करवाने का है। वहीं दूसरी ओर सेक्टर 13 रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान पंडित राम किशन शर्मा और सेक्टर 23 रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के संरक्षक महेंद्र सिंह श्योरान ने सडक़ निर्माण कार्य शुरू होने पर डीसी साहिल गुप्ता के साथ साथ हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों का भी आभार प्रकट किया है।

# संयुक्त किसान मोर्चा आज मनाएगा विरोध दिवस

**लोहारू।** संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में लोहारू के लघु सचिवालय परिसर में 184 दिनों से चल रहे किसानों के धरने के दौरान गुरुवार को किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मोर्चा के आह्वान पर 16 जनवरी को विरोध दिवस मनाने की घोषणा की। गुरुवार को धरने की अध्यक्षता सुमेर सिंह गिगनाऊ, शेर सिंह झांझड़ा, मांगेराम चहड़ कलां, राम सिंह शेखावत और महताब फरटिया केहर ने की।

मंच संचालन सुरेन्द्र राठी बारवास, नरेन्द्र श्योराण फरटिया भीमा और जय सिंह गिगनाऊ ने किया। महापड़ाव को संबोधित करते हुए किसान नेता राजेंद्र शेखावत ने बताया कि यदि समय रहते सरकार ने किसानों को 350 करोड़ रुपये कपास बीमा क्लेम 2023 जल्द से जल्द किसानों को नहीं मिला तो किसान आने वाली 26 जनवरी को उपायुक्त कार्यालय भिवानी में ट्रैक्टर मार्च करेंगे। उन्होंने बताया कि किसान 16 जनवरी को उपमंडल कार्यालय पर विरोध दिवस मनाएंगे। तहसील कार्यालय लोहारू में तहसीलदार के निरंतर अनुपस्थित रहने से आम जनता को परेशानी हो रही है।

# सांसद प्रतिनिधि ने लड़कियों को सौंपे कबड्डी के लिए मैट



**बाढ़ड़ा।** भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह ने उपमंडल की लड़कियों की कबड्डी टीम की खिलाड़ियों के लिए चार लाख के मैट उपलब्ध करवाएं हैं जिससे खिलाड़ियों में खुशी की लहर है। सांसद खेल महोत्सव में कबड्डी की लड़कियों की टीम के बेहतरीन प्रदर्शन पर सांसद धर्मबीर सिंह ने इनको खेलने के लिए मैट देने की घोषणा की थी और आज उनके दिशानिर्देश पर केन्द्र सरकार द्वारा नवनियुक्त हरियाणा राज्य दिशा निगरानी समिति सदस्य चेयरमैन व सांसद खेल महोत्सव लोकसभा को आर्डिनेटर सुधीर चांदवास की अगुवाई में खिलाड़ियों को मैट सौंपे। उन्होंने कहा आधुनिक समय में कबड्डी रबड़ के मैट पर खेली जाती है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस जरूरत है तो अवसर और प्रोत्साहन की।

रोचक / शिखर चंद जैन



# पट-पट उछलने-कूदने वाला पॉपकॉर्न!



बच्चो, पॉपकॉर्न यानी भुने हुए मकई के दाने। मकई के दाने भूनते समय तुमने देखा होगा, कैसे पट.. पट.. करके उछलते-कूदते हैं। इन्हें देखकर बहुत मजा आता है। ये भूनते समय इस तरह क्यों उछलते-कूदते हैं? इन्हें इस तरह कब से खाए जाने की शुरुआत हुई, इनका क्या है इतिहास, इसका नाम पॉपकॉर्न कैसे पड़ा? पॉपकॉर्न से जुड़ी रोचक जानकारियां।

बच्चो, पॉपकॉर्न एक ऐसा स्नैक्स है, जो टेस्टी होने के साथ-साथ हेल्दी भी होता है। हल्की-फुल्की भूख के लिए पॉपकॉर्न एक बेहतरीन ऑप्शन है। तुम्हारा यह पसंदीदा पॉपकॉर्न दुनिया भर में पॉपुलर है। क्या तुम्हें पता है, पॉपकॉर्न की पसंद और इसके हेल्थ बेनिफिट्स को सेलिब्रेट करने के लिए 'पॉपकॉर्न-डे' भी मनाया जाता है। बच्चो, हर साल 19 जनवरी को अमेरिका में 'नेशनल पॉपकॉर्न-डे' मनाया जाता है।

**नया नहीं है पॉपकॉर्न:** कॉर्न (मकई) के एक विशेष प्रकार, जिसका वैज्ञानिक नाम 'जिया मेज एवर्टा' है, से पॉपकॉर्न बनाया जाता है। यह मकई



इस मायने में अलग है कि इसका पेरिकार्प यानी छिलका मोटा होता है। पॉपकॉर्न बनाने की शुरुआत 5000 साल से भी पहले हो चुकी थी। पेरू में 6700 साल पहले भी पॉपकॉर्न खाए जाते थे, इस बात के भी प्रमाण मिले हैं।

**कब हुआ पॉपुलर:** 1885 में चार्ल्स क्रेटर्स द्वारा मोबाइल पॉपिंग कार्ट के आविष्कार के बाद से पॉपकॉर्न पॉपुलर हुआ। इसके बाद से पॉपकॉर्न आसानी से तैयार किए और खरीदे-बेचे जाने लगे। धीरे-धीरे यह बच्चों और बड़े सभी का फेवरेट स्नैक्स बनता गया। खाने के साथ-साथ पेड़-पौधों की सजावट में भी इसका इस्तेमाल किया जाने लगा। आज भी कई जगहों पर क्रिसमस ट्री को सजाने के लिए पॉपकॉर्न का इस्तेमाल किया जाता है।



**उछलता है इसलिए नाम पड़ा 'पॉप' कॉर्न:** पॉपकॉर्न के दानों में 14 प्रतिशत तक नमी होती है। जब इन दानों को गर्म किया जाता है, तो पानी भाप बन जाता है। यह भाप जब दाने से बाहर आने का प्रयास करती है तो दाना पट-पट की आवाज के साथ उछलता है और फूट जाता है। जिससे ये पॉपकॉर्न बन जाते हैं। फूटते समय पॉपकॉर्न 3 फीट (लगभग 1 मीटर) तक उछल सकता है। इसके उछलने की प्रवृत्ति के कारण ही इसे 'पॉप' कॉर्न कहते हैं।

**तरह-तरह के पॉपकॉर्न:** पॉपकॉर्न कई तरह के होते हैं। 'जिया मेज' की लगभग 25 विभिन्न किस्में हैं। इनमें से दो प्रमुख प्रकार हैं-राइस पॉपकॉर्न और पर्ल पॉपकॉर्न। मक्के की यह प्रजाति आमतौर पर छोटी होती है। इसके दाने का आवरण और बाहरी भ्रूणपोष बेहद सख्त होता है।

**दो तरह के मुख्य शेप:** पॉपकॉर्न मुख्य रूप से दो अलग-अलग शेप में फूटते हैं।

**स्नोफ्लेक:** यह आकार में बड़ा और ऊबड़-खाबड़ होता है। मूवी थिएटर में तुम यही पॉपकॉर्न खाते हो। यह दिखने में ज्यादा लगता है।

**मशरूम:** यह गोल और ठोस होता है। इसका इस्तेमाल तब किया जाता है, जब पॉपकॉर्न पर चॉकलेट या कैरेमल की परत चढ़ानी हो, क्योंकि यह आसानी से टूटता नहीं है।

**हेल्दी ब्रेकफास्ट है पॉपकॉर्न:** पॉपकॉर्न खाने में मजा तो आता ही है, यह हेल्थ के लिए भी अच्छा होता है। 19वीं सदी में इसे दूध और चीनी के साथ नाश्ते के रूप में खाया जाता था। आज भी इसे तरह-तरह से खाया जाता है। इसमें भरपूर फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। साथ ही पॉपकॉर्न, मैंगनीज, फॉस्फोरस और जिंक का अच्छा स्रोत है। इसमें कैलोरी बेहद कम होती है और हार्मफुल ग्लूटेन नहीं पाए जाते। आजकल मल्टीप्लेक्स मूवी थिएटर्स में बड़े-बड़े स्टाइलिश डब्बों में तरह-तरह के मसालों से युक्त पॉपकॉर्न खूब बिकते हैं। *

### दुनिया का सबसे बड़ा पॉपकॉर्न बॉल

बच्चो, क्या तुम इमेजिन कर सकते हो कि एक पॉपकॉर्न बॉल कितना बड़ा हो सकता है? अमेरिका के आयोवा राज्य के सैक सिटी में साल 2016 में 9,370 पाउंड (लगभग 4250 किलोग्राम) वजन का पॉपकॉर्न बॉल बनाया गया। यह पॉपकॉर्न बॉल 24 फीट चौड़ी और 8 फीट से ज्यादा ऊंची है। इस पॉपकॉर्न बॉल का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल है।

### माइक्रोवेव की खोज में मददगार बना पॉपकॉर्न

बच्चो, एक इंटरेस्टिंग फैक्ट यह है कि तुम्हारे घर में रखे माइक्रोवेव ओवन का आविष्कार पॉपकॉर्न की वजह से ही हुआ था। साल 1945 में पर्सी स्पेंसर नाम के वैज्ञानिक एक मशीन पर काम कर रहे थे। उन्होंने देखा कि हीट की वजह से उनकी जेब में रखे पॉपकॉर्न के दाने अचानक फूटने लगे। इसी से उन्हें माइक्रोवेव बनाने का आइडिया आया।

पेंगुइन अपनी अनोखी शारीरिक संरचना के लिए जाना जाता है। इनकी ज्यादातर प्रजातियां लुप्त होने की कगार पर हैं। पेंगुइन पर मंडराते खतरे के कारण इनके संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष 20 जनवरी को 'पेंगुइन अवेयरनेस-डे' मनाया जाता है। जानो, पेंगुइन की कुछ प्रजातियों के बारे में।

# अजब-अनूठा पक्षी पेंगुइन

पक्षी जगत

मच्छिंद्र ऐनापुरे



पेंगुइन पक्षी का नाम सुनते ही हमारे दिमाग में एक प्यारे-से, काले-सफेद रंग का पक्षी आ जाता है, जो बर्फ पर मजेदार ढंग से मटकते हुए चलता है। बच्चो, दुनिया में पेंगुइन की अनेक प्रजातियां पाई जाती हैं। जानो, पेंगुइन की कुछ प्रजातियों के बारे में।

**एंपरर पेंगुइन:** यह पेंगुइन की दुनिया का राजा माना जाता है। एंपरर पेंगुइन सबसे बड़े आकार के पेंगुइन होते हैं। इनकी ऊंचाई लगभग 3 फीट 7 इंच होती है। वजन 35 से 40 किलो तक होता है। ये अत्यंत ठंडे इलाके अंटार्कटिका में रहते हैं। एंपरर पेंगुइन शानदार तैराक होते हैं, ये गहरे समुद्र में गोते लगाकर तैरते हैं।



**यलो-आइड पेंगुइन:** यह पेंगुइन न्यूजीलैंड में पाया जाता है। इसकी पीली-पीली आंखें और सिर पर पीली धारियां होती हैं। इसकी शारीरिक विशेषताओं के आधार पर ही इसका नामकरण हुआ है।

**किंग पेंगुइन:** एंपरर पेंगुइन से आकार में थोड़े छोटे और दुनिया के दूसरे सबसे बड़े आकार के पेंगुइन होते हैं-किंग पेंगुइन। इनके सिर के पास पानी की बूंद जैसा पीला निशान होता है। इनमें भी वे सभी विशेषताएं पाई जाती हैं, जो एंपरर पेंगुइन में होती हैं। ये भी अंटार्कटिका में पाए जाते हैं।

**रॉकहॉपर पेंगुइन:** इनकी आंखों के ऊपर सुंदर-सी भौंहें होती हैं। ये चट्टानों पर उछल-कूद करते हुए चलते हैं। रॉकहॉपर पेंगुइन की दो प्रमुख प्रजातियां पाई जाती हैं। पहली, नॉर्दन रॉकहॉपर, जिनकी भौंहें बड़ी और उभरी हुई होती हैं। दूसरी, सदर्न रॉकहॉपर, जिनकी भौंहें थोड़ी छोटी होती हैं।

**मैकरोनी पेंगुइन:** इस पेंगुइन का नाम (खाने वाली डिश मैकरोनी) बड़ा मजेदार है न! इसका चेहरा काला, चोंच नारंगी और माथे पर पीले रंग की सुंदर कलगी होती है। यही इसकी पहचान है।



**लिटिल पेंगुइन:** नाम जैसा, आकार वैसा! ये दुनिया के सबसे छोटे आकार के पेंगुइन होते हैं। इनकी ऊंचाई सिर्फ 12 से 13 इंच तक और वजन करीब 1.2 से 1.3 किलोग्राम तक होता है।

**गैलापैगोस पेंगुइन:** यह दुनिया की इकलौती पेंगुइन प्रजाति है, जो भूमध्य रेखा (इक्वेटर) के पास रहती है। यह गैलापैगोस द्वीप समूह में पाई जाती है।

**अफ्रीकन पेंगुइन:** ये पेंगुइन अफ्रीका महाद्वीप के दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया देशों में पाए जाते हैं। इन पेंगुइन की आंखों के चारों ओर फर नहीं होते और छाती पर काली पट्टी होती है। *

### भारत में भी देखी जा सकती है पेंगुइन



बच्चो, तुम सोच सकते हो कि कि पेंगुइन सर्द प्रदेशों/स्थलों में पाया जाने वाला पक्षी है, इसे भारत जैसे गर्म देश में नहीं देखा जा सकता, लेकिन ऐसा नहीं है। तुम अपने देश में भी पेंगुइन को देख सकते हो। मुंबई के वीरमाता जीजाबाई भोसले प्राणी संग्रहालय (रानी का बाग) में 18 पेंगुइन देखे जा सकते हैं। ये हंबोल्ट प्रजाति के पेंगुइन हैं, जो मूल रूप से पेरू और चिली से लाए गए हैं। साल 2016 में यहां सिर्फ 8 पेंगुइन थे, अब उनकी संख्या बढ़कर 18 हो गई है।


कविता / फहीम अहमद

# मखमली धूप

ठिठुर रहे तन को लगती है
मखमल-सी जाड़े की धूप।
धीरे से मन को छू जाती
कोमल-सी जाड़े की धूप।
मीठे गीत सुनाती हमको,
कोयल-सी जाड़े की धूप।
सबके दिल में घर कर जाती
चंचल-सी जाड़े की धूप।
ठिठुरन वाले सन्नाटे में
हलचल-सी जाड़े की धूप।
जब छत पर लेटें तो ओढ़ें
कंबल-सी जाड़े की धूप।
नानी की गोदी, अम्मा के
आंचल-सी जाड़े की धूप।



## बूझो तो जानें



1
भूरा-काला रुई-सा हल्का
मैं नभ में उड़ता जाता।
बरसातों का दूत बनूं मैं
गड़-गड़ गड़-गड़ शोर मचाता।

2
सड़क नहीं, आकाश सवारी
पंख लगे, पर नहीं हूं चिड़िया।
लोगों को सुदूर पहुंचाऊं
वायु भांति मेरी गति बढ़िया।

3
बत्ती नहीं, न कोई तेल
रातों को कर देता जगमग।
ज्यों नींद खुले सूरज की
मैं छुप जाता चलकर डगमग।

- गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1.बादल, 2.हवाई जहाज, 3.चंद्रमा

## जीके क्विज-188

1. दृष्टिबाधित लोगों के लिए पहली ब्रेल लाइब्रेरी किस राज्य में खोली गई है?
2. भारतीय महिला हॉकी टीम का मुख्य कोच हाल ही में किसे नियुक्त किया गया है?
3. सर्वोच्च न्यायालय के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश कौन हैं?
4. इन दिनों 53वें विश्व पुस्तक मेला का आयोजन किस शहर में किया जा रहा है?
5. सापेक्षता का सिद्धांत (थ्योरी ऑफ रिलेटिविटी) की खोज किसने की थी?
6. विश्व का सबसे घना जंगल कौन सा है?
7. लावणी किस राज्य का पारंपरिक लोकनृत्य है?
8. भारत में केसर का उत्पादन सबसे ज्यादा किस राज्य में होता है?
9. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन सा है?
10. 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' के लेखक कौन हैं?



बच्चो, जीके क्विज-188 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-187 का उत्तर :** 1.दीप्ति शर्मा, 2. जापान, 3.काम्या कार्तिकेयन, 4.सारनाथ, 5.सी. राजगोपालाचारी, 6.ओडिशा, 7.विटामिन-ए, 8.मुंबई से ठाणे, 9.नाइक्रोम, 10.तमिलनाडु

**जीके क्विज-187 का सही उत्तर देने वाले :** गौरव-कोरबा, कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-रायगढ़, कोमल-रोहतक, शुभम-रायपुर, रौनक-दुर्ग, कमल-बिलासपुर, सुमन-रायगढ़, शिप्रा-महासमुंद



कहानी

हरीश कुमार अमित

मयंक और उसके दादा जी ने एक दिन शर्त लगाई, कौन कितने देर बिना बोले रह सकता है, जो पहले बोलेगा, तय शर्त के अनुसार हर्जाना भरेगा। मयंक को लगा दादा जी शर्त हार गए, जबकि दादा जी को लगा मयंक हारा। लेकिन वास्तव में शर्त कौन जीता?

# लग गई शर्त



मयंक बहुत बातूनी है। लंबी-लंबी बातें करना उसे अच्छा लगता है। थोड़ी देर तक भी बिना बोले रहना उसके लिए मुश्किल है। आज मयंक के स्कूल की छुट्टी थी। वह दादा जी के कमरे में उनके पास बैठा उनसे बातें कर रहा था। बातों-बातों में दादा जी ने मयंक से शर्त लगा ली, कौन ज्यादा देर तक बिना बोले रह सकता है। शर्त के अनुसार उन दोनों में से जो पहले बोलेगा, वह शर्त हार जाएगा। दादा जी ने यह भी कहा कि अगर खुद वे शर्त हार गए तो मयंक को रेस्टोरेंट ले जाकर मसाला डोसा खिलाएंगे। और अगर मयंक शर्त हार गया तो वह पिछले दिनों अपने जन्मदिन पर मिले चॉकलेट के डिब्बे से पांच चॉकलेट दादा जी को देगा।

शर्त लगने के बाद दादा जी और मयंक दोनों एक-दूसरे से इशारों-इशारों में ही बातें करने लगे। घर में उस समय और कोई मौजूद नहीं था। मयंक के मम्मी-पापा कहीं गए हुए थे, उन्हें शाम तक ही घर लौटना था। मयंक को पूरा विश्वास था, वह शर्त जीत जाएगा।

थोड़ी देर बाद दादा जी के मोबाइल फोन पर मयंक के पापा का फोन आया। पापा ने यह बताने के लिए फोन किया था कि वे लोग शाम को आठ बजे तक ही वापस आ पाएंगे। दादा जी ने पापा की बात तो सुन ली, लेकिन खुद जो कहना था, वह टेक्स्ट मैसेज में लिखकर भेज दिया। साथ ही चुप रहने की शर्त के बारे में भी लिख दिया ताकि फोन पर उनके बात न करने के कारण पापा को कुछ अटपटा न लगे। थोड़ी देर बाद मयंक का जी करने लगा कि कुछ बोला जाए, लेकिन शर्त के कारण उसने अपने आपको रोके रखा। कुछ देर बाद अचानक मयंक को दादा जी की आवाज सुनाई दी। दादा जी की आवाज सुनते ही वह जोर से बोल उठा, 'मैं जीत गया! मैं जीत गया!' 'जीत तो मैं गया हूं, बेटा। तुम पहले जो बोल पड़े हो।' दादा जी ने हंसते हुए कहा।

'जीता तो मैं हूं, दादा जी! पहले आपकी आवाज सुनाई दी है!' मयंक ने दादा जी की बात का खंडन किया।

'आवाज से क्या होता है? बोले तो पहले तुम ही हो! इसलिए मैं शर्त जीत गया हूं।' दादा जी ने हंसते हुए जवाब दिया।

'कैसे, दादा जी? पहले आप बोले, तभी तो आपकी आवाज सुनाई दी।' मयंक ने दादा जी को समझाना चाहा।

'लेकिन मैं पहले बोला ही नहीं था। मैंने तो यह वीडियो चलाया था, जिसमें मेरी आवाज है।' कहते हुए दादा जी ने अपने कुर्ते की जेब से अपना मोबाइल फोन निकाल कर वह वीडियो फिर से चला दिया। यह वही वीडियो था, जो मयंक ने उनके फोन पर कुछ दिन पहले बनाया था। इस वीडियो में दादा जी मयंक को एक कहानी सुना रहे थे।

'पर यह तो चीटिंग है, दादा जी!' मयंक ने विरोध जताया।

'इसमें चीटिंग की क्या बात है? तुम्हें मेरी असली आवाज और वीडियो से आ रही आवाज का अंतर समझना चाहिए था।' दादा जी मुस्कुराते हुए बोले।

दादा जी का यह तर्क सुनकर मयंक जवाब में कुछ न बोल सका। उसने अपनी हार मान ली और चुपचाप एक तरफ बैठ गया।

मयंक का उदास चेहरा देखकर दादा जी कुछ देर सोचते रहे और फिर हंसते हुए बोले, 'बेटा, मैं तो मजाक कर रहा था तुमसे! शर्त तो तुम ही जीत गए हो, क्योंकि मेरी आवाज पहले सुनाई दे गई थी। असल में सुबह से ही मेरा बहुत मन कर रहा था कि तुम्हारे साथ रेस्टोरेंट में जाकर गरमा-गरम मसाला डोसा खाया जाए। इसीलिए मैंने तुम्हारे साथ यह शर्त लगाई थी, और मैं जान-बूझकर शर्त हार भी गया ताकि मसाला डोसा खाने की मेरी इच्छा पूरी हो सके।' दादा जी के मुंह से यह सब सुनकर मयंक मन ही मन बहुत खुश हो गया। दादा जी आगे बोले, 'तुम्हारे मम्मी-पापा को तो कई घंटे बाद घर लौटना है। तब तक हम दोनों चलते हैं रेस्टोरेंट में मसाला डोसे का आनंद उठाने। तुम तैयार हो जाओ फटाफट।'

यह सुनकर मयंक के चेहरे की उदासी मिट गई और वह खुशी-खुशी दादा जी के साथ रेस्टोरेंट जाने के लिए तैयार होने लगा। उसे दादा जी के साथ मसाला डोसे का आनंद जो लेना था। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

# रोचक-प्रेरक कहानी


बच्चो, दुनिया भर में बच्चों के लिए बहुत अच्छी-अच्छी किताबें लिखी जा रही हैं। ये किताबें तुम्हें जरूर पढ़नी चाहिए, क्योंकि ये तुम्हारा एक नए प्रकार का मनोरंजन करेंगी। इन किताबों को पढ़कर तुम जानोगे कि दुनिया कितनी मजेदार है, अद्भुत कल्पनाओं और रोमांच से भरी है। ऐसी ही एक किताब है 'स्टोरी ऑफ डॉक्टर डूलिटिल' यानी पशु भाषा विशेषज्ञ डॉक्टर डूलिटिल की कहानी। यह एक ऐसे डॉक्टर की कहानी है, जो था तो इंसानों का डॉक्टर, लेकिन जानवरों का इलाज करने लगा। यह डॉक्टर जानवरों की बोलियां समझता ही नहीं था, उनके साथ बात भी करता था। यह सब उसे पोलेसेनिया नाम के एक तोते ने सिखाया था। जब डॉक्टर डूलिटिल पशु-पक्षियों से बात करके उनकी समस्याओं को जानकर उनका इलाज करने लगा तो उसके सभी बीमार पशु-पक्षी जल्दी-जल्दी स्वस्थ होने लगे। इस तरह वह डॉक्टर, इंसानों के इलाज के लिए ही नहीं, पशु-पक्षियों के इलाज के लिए भी बहुत मशहूर हो गया। फिर डॉक्टर डूलिटिल को अफ्रीका से एक संदेश मिला कि वहां के बंदरों में एक जानलेवा बीमारी फैली है, जिससे वे तेजी से मर रहे हैं। फिर क्या था, डॉक्टर डूलिटिल अफ्रीका के लिए निकल पड़े। इसके बाद क्या हुआ, यह जानने के लिए बच्चो, तुम्हें इस किताब को पढ़ना होगा। इस किताब के लेखक हैं ह्यु लॉफ्टिंग, जिन्होंने सन 1920 में इसे लिखा था। यह किताब इतनी लोकप्रिय हुई कि डॉक्टर डूलिटिल की एक के बाद एक रोचक कहानियों वाली 12 किताबें प्रकाशित हुईं। इन पर कई फिल्में भी बनीं। दुनिया भर की अनेक भाषाओं में इन किताबों का अनुवाद भी हुआ है। ये किताबें विश्व बाल साहित्य की धरोहर हैं। *




**किताब:** पशु भाषा विशेषज्ञ डॉक्टर डूलिटिल की कहानी (फैंटेसी उपन्यास), **लेखक:** ह्यु लफ्टिंग, **अनुवाद:** आलोक कुमार, **मूल्य:** 199 रुपए, **प्रकाशक:** फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां अपने क्यूट से डॉगी के साथ खड़ी लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें तीन मिनट में ये छह अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट ये सभी छह अंतर खोजकर बताओ-



उत्तर: 1. बाईं तरफ लड़की के बालों की लट खुली हुई नहीं है। 2.लड़की ने दाएं हाथ में ब्रेसलेट पहना हुआ है। 3.लड़की की टी-शर्ट पर फूल बना हुआ है। 4.लड़की का बायां हाथ खुला हुआ है। 5.डॉगी की आंखें बंद हैं। 6.डॉगी की जीभ अंदर है।

## गिनकर बताओ

बच्चो, यहां दो तरह की मछलियों के कई सारे चित्र दिए गए हैं। तुम गिनकर बताओ, किस मछली की संख्या कितनी है?



## खबर संक्षेप

### आरक्षण जाति आधारित नहीं,आर्थिक आधार पर हो

**भिवानी।** अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के जिला प्रधान कुलदीप फौगाट ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से हरियाणा में आरक्षण की मौजूदा व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन किया जाए। फौगाट ने कहा कि हरियाणा सरकार को बिहार की तर्ज पर जाति आधारित की बजाय आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करना चाहिए। उनका तर्क है कि आरक्षण का लाभ उन लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है, जो वास्तव में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हैं। फौगाट ने कहा कि आरक्षण जाति आधारित नहीं, बल्कि गरीबी आधारित होना चाहिए।

### 60 हजार नागरिकों ने लिया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जरूरतमंद लोगों को स्थानीय चौधरी बंसीलाल राजकीय सामान्य अस्पताल में नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। विभाग द्वारा दिसंबर माह के दौरान 60 हजार पांच नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया गया है। विगत माह में एक लाख 43 हजार 712 मरीजों ने विभिन्न प्रकार की जांच करवाई है।

### निराश्रित बच्चों को दी जा रही वित्तिय सहायता

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि जिला में 21 वर्ष तक की आयु का बच्चा जो अपने माता-पिता की सहायता अथवा देखभाल से उनकी मृत्यु होने के कारण, अपने पिता के घर से पिछले 2 वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने के कारण अथवा माता-पिता के लम्बी सजा, जोकि एक वर्ष से कम न हो या मानसिक व शारीरिक अक्षमता के कारण वंचित हो जाते हैं और जिनके माता-पिता, अभिभावक की सभी साधनों से वार्षिक आय दो लाख से अधिक नहीं है।

### किसान पहचान पत्र बनवाना अनिवार्य

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा किसानों के हित में एग्रीस्टैक योजना के अंतर्गत किसान पहचान पत्र बनाए जा रहे हैं। इस योजना को सफल बनाने के लिए राजस्व विभाग, पंचायत एवं कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी गांव-गांव तथा ढाणियों में जाकर अथक प्रयासों के साथ किसानों का पंजीकरण कर रहे हैं। डीसी ने बताया कि जिले में एग्री स्टैक योजना को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए संबंधित विभागों को ज्यादा से ज्यादा पंजीकरण के लिए आवश्यक हिदायतें जारी की गई है।

### श्रीमद्भागवत कथा का मंगलमय शुभारंभ

**भिवानी।** बर्तन बाजार, ब्रिज लाल श्रॉफ वाली गली में स्थित प्राचीन राधा कृष्ण मन्दिर में आज वीरवार से सातदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा, ज्ञान सप्ताह यज्ञ महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। सूर्य भगवान के उत्तरायण में प्रवेश के पावन अवसर पर आयोजित यह कथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जनकल्याण के संकल्प के साथ की जा रही है। कथा का शुभारंभ भागवत कथा महात्माय के साथ हुआ।

## दानवीर सेठ किरोड़ीमल को दी श्रद्धांजलि, भंडारा लगाकर प्रसाद बांटा

# सेठ किरोड़ीमल ने कन्या शिक्षा को ध्यान में रख शिक्षण संस्थान खोली

**विधायक घनश्याम दास ने कार्यक्रम में लोगों को संबोधित किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** हांसी चौक पर भंडारे में लोगों को प्रसाद वितरित करते विधायक घनश्यामदास सर्राफ। *फोटो : हरिभूमि*

केएम ट्रस्ट के संस्थापक दानवीर स्वर्गीय सेठ किरोड़ीमल की जयंती पर वीरवार को शहर में अनेक कार्यक्रम हुए। इस मौके पर विधायक घनश्यामदास सर्राफ के नेतृत्व में अनेक गणमान्य लोगों ने शहर में विभिन्न स्थानों पर सेठ किरोड़ीमल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही राष्ट्रहित में किए उनके कार्यो से आमजन को अवगत करवाया। हांसी गेट स्थित केएम शिशु विहार के समक्ष भंडारे का लगाया गया, जिसमें अनेक गणमान्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। विधायक सर्राफ ने स्वयं लोगों को प्रसाद वितरित किया। स्कूल व मंदिर में स्वर्गीय सेठ किरोड़ीमल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए पूर्वमंत्री एवं विधायक घनश्याम दास सर्राफ ने कहा कि सेठ किरोड़ीमल ज्यादा पढ़े-लिखे नहीं थे, इसके बावजूद उन्होंने व्यवसाय की बुलंदियों को छुआ, क्योंकि उनका जीवन अनुशासित था, अपने बुद्धि कौशल, कठिन परिश्रम तथा अनुशासन के बल पर उन्होंने धन कमाया और उस धन को जनहित की सेवा के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य में खर्च कर दिया। विधायक सर्राफ ने कहा कि सेठ किरोड़ीमल ने भिवानी ही नहीं, दिल्ली, मथुरा, राजस्थान, पचमढ़ी, रायपुर, किरोड़ीमल नगर सहित विभिन्न नगरों में अनेक स्कूल, धर्मशालाएं, रैन बेसेरे व मंदिरों का निर्माण करवाया, जो उनके लोकापकारी कार्यो का जीवंत उदाहरण है।

### सच्चे समाज सुधारक थे सेठ किरोड़ीमल

विधायक सर्राफ ने कहा कि सेठ किरोड़ीमल भिवानी जिले के पहले विकास पुरुष थे, जिन्होंने जिले में सबसे पहले शिक्षण व चिकित्सा संस्थाएं खोली, वे एक समाज सुधारक थे, जिनका शिक्षा व दीक्षा में अहम योगदान रहा तथा समाज में साक्षरता के ग्राफ को ऊंचा उठाने में अहम योगदान था। उन्होंने कहा कि सेठ किरोड़ीमल ने कन्याओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए उनके लिए अलग से शिक्षण संस्थान स्थापित किए थे।


**भिवानी।** दानवीर सेठ किरोड़ीमल की प्रतिमा पर मालार्पण करते महाविद्यालय परिवार व सेठ किरोडीमल ट्रस्ट के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### सेठ किरोडीमल ने अपना पूरा जीवन लोगों की भलाई व सामाजिक कार्यों में समर्पित किया

- महाविद्यालय परिवार व सेठ किरोडीमल ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने किया नमन

**भिवानी।** दानवीर स्वर्गीय सेठ किरोड़ीमल की 134वीं जयन्ती पर वैश्य महाविद्यालय में उनकी प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। स्मृति समारोह का आयोजन वैश्य महाविद्यालय प्रांगण में बड़ी धूमधाम से किया। कार्यक्रम का शुभांरभ वैश्य महाविद्यालय परिवार एवं सेठ किरोडीमल ट्रस्ट ने सेठ किरोडीमल की प्रतिमा को माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनके समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन करके किया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से सेठ किरोड़ीमल चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी मनीष सिंघानिया, ट्रस्ट के कानूनी सलाहकार अधिवक्ता जितेन्द्र गोयल, वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के ट्रस्टी विजय किशन अग्रवाल, सेठ किरोड़ीमल चैरिटेबल ट्रस्ट से मयंक मोडा, आनन्द बासिया, अधिवक्ता ओमप्रकाश परमार, प्रोफेसर एसके अरोड़ा, प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने समस्त स्टाफ के साथ शिरकत की। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने अतिथियो का स्वागत किया और कहा कि सेठ किरोडीमल ने अपना पूरा जीवन लोगों की भलाई व सामाजिक कार्यों को समर्पित किया। ट्रस्ट के ट्रस्टी मनीष सिंघानिया ने कहा कि सेठ किरोड़ीमल ने सच्चे अर्थों में समाजसेवा की थी।


**भिवानी।** बस स्टेंड से खाटूश्याम जी के लिए बस को रवाना करते सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

## श्रद्धालुओं का सपना हुआ पूरा

# बाढ़ड़ा से खाटूश्याम धाम के लिए बस सेवा शुरू

- सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों व श्रद्धालुओं ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढ़ड़ा

बाढ़ड़ा उपमंडल मुख्यालय से चार साल से बंद बाढ़ड़ा से खाटूश्याम धाम के लिए बस सेवा बुधवार से दोबारा शुरू हो गई, जिसकों सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों व श्रद्धालुओं ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कस्बे के सतनाली रोड स्थित मिनी बस स्टेंड से खाटूश्याम धाम के लिए बस रवाना करते हुए सरपंच राजेश श्योराण व भाजपा जिला उपाध्यक्ष मोहनलाल सैनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने हजारों श्रद्धालुओं के सपने को पूरा करने का काम किया है। यह बस वर्ष २०१९ से यहां से सतनाली, महेंद्रगढ़ वाया नारनौल होती हुई खाटू श्याम जाती थी जो कुछ समय पहले कोविड महामारी के समय से बस बंद हो गई थी। पिछले दिनों नारनौल बस स्टेंड के महाप्रबंधक से मुलाकात के दौरान उन्होंने क्षेत्र के लोगों की मांग को स्वीकार कर यह बस सेवा आरंभ की है और इससे बाढड़ा उपमंडल के लोग प्रतिदिन महेन्द्रगढ, नारनौल होते हुए प्रसिद्ध धार्मिक स्थल तक आवागमन करेंगे। यह बस सेवा प्रतिदिन सुबह छह बजे बाढ़ड़ा से रवाना होगी और वहां से दोपहर बाद एक बजकर 30 मिनट पर खाटू बस स्टेंड से बाढड़ा के लिए रवाना होगी।

यह बस शाम को नारनौल पहुंच कर बाढड़ा के लिए रवाना होगी जो दैनिक यात्रियों के लिए भी लाभदायक साबित होगी। कार्यक्रम में पूर्व व्यापार मण्डल प्रधान रामकिशन फौजी, समाजसेवी कटार सिंह, सतबीर सेलमपुरिया, पूर्व सरपंच राकेश, सुरेश कुमार श्योराण, पवन श्योराण पंजाबी, शिव कुमार स्वामी, कालू, मास्टर बजरंग सिंटी आदि मौजूद रहे।

# 125 दिन का रोजगार छलावा:राजू मान

- मनरेगा बचाओ अभियान के तहत लाड गांव में कांग्रेस का जन जागरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढ़ड़ा



**बाढ़ड़ा।** मनरेगा स्कीम में बदलाव को लेकर किसान नेता राजू मान की अगुवाई में रोष प्रदर्शन करते लाड के ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

कांग्रेस पार्टी मजदूरों के अधिकारों के लिए तब तक संघर्ष करेगी जब तक मनरेगा के तहत मिलने वाली काम, मजदूरी और जवाबदेही की गारंटी की बहाली नहीं हो जाती। यह बात अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय कन्वीनर राजू मान ने कांग्रेस पार्टी के लाड गांव में आयोजित मनरेगा बचाओ अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मनरेगा स्कीम में मजदूरों को सौ दिन के रोजगार का संवैधानिक अधिकार दिया गया था लेकिन मोदी सरकार ने इसे छिन लिया है। इस बीच ग्रामीणों ने मनरेगा योजना में बदलाव को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन कर जोरदार नारेबाजी की। किसान नेता राजू मान ने कहा कि केंद्र सरकार का सौ की जगह १२५ दिन का रोजगार देने का फैसला महज छलावा है। फसल कटाई के समय काम नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि पंचायत के अधिकार खत्म कर दिए गए हैं और सरकार निश्चित करेगी की कहां और किस तरह काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नई योजना में राज्यों पर भुगतान का चालीस प्रतिशत बोझ पड़ेगा ।

# रन का दूसरा संस्करण 8 फ़रवरी को होगा

- दी ग्रेट भिवानी रन दूसरे संस्करण के साथ लौटा – सेहत, फिटनेस और सामुदायिक एकता का भव्य उत्सव
- पहले संस्करण में 2,000 से अधिक ने की थी भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** एमके अस्पताल में आयोजित पत्रकार वार्ता में रन के दूसरे संस्करण की जानकारी देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

अपने पहले संस्करण की शानदार सफलता के बाद, एमके. हॉस्पिटल, भिवानी, एवं श्री हरि हेल्थ एंड एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से रन का दूसरा संस्करण 8 फ़रवरी को एमके. हॉस्पिटल, भिवानी में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए एमके. हॉस्पिटल भिवानी के चेयरमैन, आनंद कुमार ने बताया कि “दी ग्रेट भिवानी रन के पहले संस्करण को जो शानदार प्रतिक्रिया मिली, वह वास्तव में प्रेरणादायक थी। 2,000 से अधिक प्रतिभागियों की भागीदारी यह दर्शाती है कि हमारा समुदाय स्वास्थ्य और फिटनेस को कितनी गंभीरता से लेता है। दूसरा संस्करण इस उत्साह को और आगे बढ़ाएगा और भिवानी में सक्रिय जीवनशैली को और मज़बूत करेगा।” दी ग्रेट भिवानी रन 2026 केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि पूरे शहर को स्वास्थ्य, फिटनेस और सामुदायिक गर्व के साथ जोड़ने का एक आंदोलन है।

### सामुदायिक फिटनेस आयोजन

उन्होंने बताया कि फरवरी 2025 में आयोजित पहले संस्करण में 2,000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था, जिससे यह भिवानी और आसपास के क्षेत्रों में आयोजित सबसे बड़े सामुदायिक फिटनेस आयोजनों में से एक बन गया। इस आयोजन में धावकों, परिवारों, विद्यार्थियों, फिटनेस प्रेमियों और विभिन्न संस्थानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे भिवानी में स्वास्थ्य और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा मिला।

# डीसी के संज्ञान में गली को दुरूस्त करने का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


**भिवानी।** गली की सफाई करते हुए।

पुराना लिबर्टी सिनेमा रोड क्षेत्र में एक गली में पाइप लाइन डालकर कार्य अधूरा छोड़ने के मामले में डीसी साहिल गुप्ता ने कड़ा संज्ञान लिया। डीसी के संज्ञान पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और गली को दुरुस्त करने काम शुरु किया। उल्लेखनीय है कि लिबर्टी सिनेमा क्षेत्र में एक गली में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल पाईप लाईन डाली गई थी, लेकिन गली का दुरूस्त नहीं किया गया, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नागरिकों के अनुसार गली से दिन में अनगिनत लोग जोगीवाला मंदिर में भी पूजा अर्चना को जाते हैं। यह मामला जैसे ही डीसी के संज्ञान में आया तो उन्होंन इस तुरंत प्रभाव से जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# स्वर्गीय अमित को किया याद

- अमित वशिष्ठ के सेवाभाव को जीवित रखना फाउंडेशन का उद्देश्य : जितेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

खेल के मैदान से लेकर सामाजिक सरोकारों तक अपनी पहचान बनाने वाले रणजी खिलाड़ी स्वर्गीय अमित वशिष्ठ की स्मृति में मिनी बाईपास स्थित राम चौक पर भंडारा लगया। अमित वशिष्ठ फाउंडेशन द्वारा आयोजित भंडारे में शहर के गणमान्य व्यक्तियों सहित अनेक खेलप्रेमियों और क्षेत्रवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। सेवाभाव के बीच आयोजित कार्यक्रम ने एक बार फिर अमित की यादों को ताजा कर दिया, जिन्होंने अपनी गेंदबाजी से क्रिकेट के मैदान पर हरियाणा का नाम रोशन किया था। भंडारे की शुरूआत जीत भारती महाराज कलिंगा व पार्षद प्रतिनिधि कृष्ण शर्मा ने की।


**भिवानी।** राम चौक पर भंडारा लगाकर प्रसाद वितरित करते फाउंडेशन के सदस्य।

### ब्रेहतरीन खिलाड़ी थे अमित

फाउंडेशन के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा कि अमित केवल बेहतरीन खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि नेक दिल इंसान भी थे। उनकी असमय विदाई ने खेलजगत में जो शून्य पैदा किया है, उसे कभी भरा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि अमित वशिष्ठ फाउंडेशन का उद्देश्य उनके सेवाभाव को जीवित रखना है। इस अवसर पर पवन, मुकेश, प्रदीप शर्मा, रामबीर भारद्वाज व अजीत आदि मौजूद रहे।

# एडीसी ने समाधान शिविर में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

- सोमवार और वीरवार को जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर आयोजित होते हैं समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

वीरवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में समाधान शिविर आयोजित हुआ। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सोमवार और वीरवार को जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित होते हैं, जिनमें नागरिक अपनी समस्याओं को रख सकते हैं। समाधान शिविर में एडीसी श्री करवा के समक्ष ग्रीवेन्स कमेटी के सदस्य सुनील वर्मा नंबरदार ने शहर में बने सार्वजनिक शौचालयों की हालत को दुरूस्त करवाने, गांव जाटू लोहरी निवासी सोनू ने प्रजापत जमीन उपयुक्त जगह पर दिलवाने की मांग रखी।

### बिजली की केबल लगवाने की मांग रखी

इसी प्रकार से सेक्टर-13 निवासी पंडित रामकिशन शर्मा ने सेक्टर 13 व 23 में बिजली की केबल लगवाने, मकानों पर स्टील की नंबर प्लेट लगवाने व शहीद भगत सिंह चौक से रेलवे स्टेशन तक सडक पर सफेद पट्टी बनवाने की मांग रखी। इसके साथ ही उन्होंने शेखावटी ब्रह्मचारी संस्था में प्रशासक की नियुक्ति करने की मांग की।

## पवन ठाकुर के नेतृत्व में उमड़ा हजारों का सैलाब, मायावती का जन्मदिन मनाया

# बहन मायावती बहुजन समाज की सशक्त आवाज : पवन

**बसपा संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत किया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय बहन कुमारी मायावती का जन्मदिन भिवानी में कमला भवन, पुराने बस स्टैंड के समीप बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भिवानी कमला भवन में भव्य सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में बसपा नेता पवन ठाकुर के नेतृत्व में हजारों लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा, जिससे पूरा कमला भवन बसपा मय हो गया। बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं, समर्थकों और आमजन ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम के माध्यम से बहुजन समाज के प्रति समर्पण और संगठन की एकजुटता का संदेश दिया गया।

### मिठाई बांटी

पवन ठाकुर ने कहा कि बहन मायावती बहुजन समाज की सशक्त आवाज हैं, जिन्होंने हमेशा संविधान, सामाजिक न्याय और बराबरी के अधिकारों के लिए संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि बसपा संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करते हुए बहुजन समाज के हक-अधिकार की लड़ाई को तेज किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान केक काटा गया, मिठाइयां वितरित की गईं तथा बहन मायावती के विचारों को आगे बढ़ाया जाएगा।

# कन्याओं संग मनाया त्योहार

- रेवड़ी-मूंगफली देकर लोगों का मुंह मीठा करवाया



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा खंड के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में बेटियों के साथ मकर संक्रांति का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा खंड के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में बेटियों के साथ मकर संक्रांति का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें अतिरिक्त उपायुक्त के निर्देशानुसार आंगनवाड़ी वर्कर व हेल्परों द्वारा कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया। इसमें सुपरवाइजर प्रमिला, सुजित, सोनिया, नीतू, मोनिका, रेनू आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सुपरवाइजर प्रमिला ने बताया कि मकर संक्रांति का पर्व अपने आप में बहुत कुछ छिपाए हुए है उन्होंने इसके महत्व के बारे बताते हुए कहा कि समय समय पर आंगनवाड़ी केन्द्रों में ऐसे आयोजन होते हैं जिससे बच्चों सहित परिवार सहित साझा मनाया जाता है। वहीं उन्होंने सभी को रेवड़ी-मूंगफली देकर मुंह मीठा करवाया।

**सूचना**

मैं, जितेन्द्र कुमार पुत्र रामस्वरूप निवासी झोझु कलां, तहसील व जिला चरखी दादरी बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सन्दीप कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### सिवाड़ा में लिंगानुपात सुधार को लेकर हुई मीटिंग

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव सिवाड़ा में स्वास्थ्य विभाग एवं बाल विकास एवं परियोजना कार्यालय द्वारा लिंगानुपात सुधार को लेकर बैठक की गई। जिसमें गीता देवी आंगनवाड़ी सैंटर सिवाड़ा में अनेक कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बीईई सुरेन्द्र एलएचवी सुलोचना, एएनएम सुनीता, एमपीएचडब्ल्यू श्याम, सीएचओ चीनाराम, बीएसी जगत सहित आंगनवाड़ी वर्कर एवं आशा वर्करों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जिसमें बताया कि सरकार द्वारा समय समय पर जागरूकता अभियान चलाकर लिंगानुपात पर चर्चा करते हुए लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जाता है।



### श्रीश्याम अखंड ज्योति पाठ का भव्य समापन

**भिवानी।** वीरवान पाना गली में श्रीश्याम गुणगान मंडल के द्वारा चल रहे सात दिवसीय श्रीश्याम अखंड ज्योति पाठ का समापन भक्तिभाव से किया। श्रीश्याम बाबा की अखंड ज्योति पाठ के समापन पर पर विशेष रूप से भोग (खीर, चूरमा, पेड़े), फूल (गुलाब), इत्र, और दक्षिणा के साथ ही आरती और प्रसाद वितरण कर किया। समापन के बाद भी ज्योति को घी/तेल से प्रज्वलित रखते हुए खाटू श्रीश्याम जी की महिमा का गुणगान किया।

श्रीश्याम बाबा को खुश करने के लिए भजन कलाकारों प्रवीण लड्डू, कलानौर से मोनू शलिम, वृंदावन से मोनू सांवरिया व प्रेरणा जुनेजा ने फैरु तेरी याद आई रै, प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मोहित कर दिया।



### दो युवकों से 10 किलो 772 ग्राम चूरा पोस्त बरामद

**भिवानी।** पुलिस अधीक्षक भिवानी सुमित कुमार द्वारा जिला पुलिस को मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इन्हीं निर्देशों की अनुपालना में कार्रवाई करते हुए डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू की टीम ने मादक पदार्थ तस्करी के एक मामले में सफलता हासिल की है। डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू के उप निरीक्षक गंगाराम अपनी टीम के साथ गश्त के दौरान तोशाम बाईपास, भिवानी पर मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति चूरा पोस्त लेकर देवसर की ओर जाने वाले हैं।



### पोषण दिवस पर ग्रामीणों किया जागरूक

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम सुपरवाइजर प्रमिला की अध्यक्षता में किया गया जिसमें सैंकड़ों की संख्या में महिला व आमजन ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में बताया कि इसका उददेश्य सामुदायिक स्तर पर एकीकृत स्वास्थ्य पोषण और स्वच्छता सेवा प्रदान करना है। प्रसवपूर्व देखभाल, नियमित टीकाकरण, आयरन फोलिक एसिड अनुपूरण पोषण शिक्षा, परिवार नियोजन, आदि के बारे में गहनता से जानकारी दी गई। गर्भवती महिलाओं का वजन, कद काठी करवाने, स्वच्छता रखने के बारे जागरूक किया गया।

---

### आंदोलन के दूसरे चरण में धरना प्रदर्शन कर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा

# संवैधानिक अधिकारों के दमन के खिलाफ बामसेफ व भारत मुक्ति मोर्चा सड़कों पर

## ओबीसी, एससी, एसटी व मूलनिवासी समाज की एकजुटता को तोड़ने का लगाया आरोप

- कटक में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन की अनुमति रद्द होने पर आंदोलन के दुसरे चरण में कार्यकर्ताओं ने शहर में किया रोष प्रदर्शन और उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और संवैधानिक अधिकारों की बहाली की मांग को लेकर बामसेफ व भारत मुक्ति मोर्चा ने वीरवार को भिवानी में हुंकार भरी। ओडिशा के कटक में होने वाले संगठन के राष्ट्रीय अधिवेशन की अनुमति रद्द किए जाने को सुनियोजित षड्यंत्र करार देते हुए चरणबद्ध आंदोलन के दूसरे चरण में कार्यकर्ताओं ने शहर में रोष प्रदर्शन किया और उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। आंदोलन का नेतृत्व मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश दहिया व भीम सेना के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दलबीर उमरा ने किया और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उमरा व दहिया ने कहा कि बामसेफ के 42वें और भारत मुक्ति मोर्चा के 15वें राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए सभी कानूनी औपचारिकताएं दो महीने पहले ही पूरी कर ली गई थीं। उन्होंने कहा कि अंतिम समय पर आरएसएस और भाजपा के दबाव में अनुमति रद्द करना न केवल हमारे मौलिक अधिकारों का हनन है, बल्कि यह ओबीसी, एससी, एसटी और मूलनिवासी समाज की एकजुटता को तोडने की कोशिश है। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने केंद्र और राज्य सरकार के समक्ष अधिवेशन के लिए रोकी गई अनुमति को तत्काल बहाल किए जाने, कार्यक्रम रद्द होने के कारण संगठन और कार्यकर्ताओं को हुए भारी वित्तीय नुकसान की भरपाई करने, ओबीसी की जाति आधारित जनगणना के मुद्दे को दबाने की कथित साजिश की जांच किसी निष्पक्ष न्यायाधीश से करवाए जाने, संविधान का उल्लंघन करने के आरोप में ओडिशा सरकार को तुरंत बर्खास्त करने की मांग की। दहिया ने स्पष्ट किया कि ये विरोध केवल ज्ञापन तक सीमित नहीं रहेगा।





**भिवानी।** लघु सचिवालय परिसर के बाहर प्रदर्शन करते बामसेफ और भारत मुक्ति मोर्चा के सदस्य व ज्ञापन सौंपते बामसेफ और भारत मुक्ति मोर्चा के सदस्य।

#### 22 फरवरी को नागपुर में होगा घेराव

रमेश दहिया ने बताया कि आंदोलन के तीसरे चरण में 22 जनवरी जिला मुख्यालयों पर विशाल रैली और शक्ति प्रदर्शन तथा चतुर्थ चरण में 22 फरवरी को नागपुर आरएसएस मुख्यालय पर देशव्यापी महारैली व घेराव किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि उनकी मांगों पर सकारात्मक विचार नहीं किया तो आगामी 22 फरवरी को नागपुर में होने वाला घेराव ऐतिहासिक होगा, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह शासन-प्रशासन की होगी।

#### ये रहे शामिल

अवसर पर मुरारी सांगा, धर्मेंद्र सांगा, सूबेदार धर्मबीर सिंह खरककलां, रमेश कुमार, धर्मवीर सिंह सांगा, राजीव कुमार, कश्मीरीलाल पहलवान, सुरेंद्र सिंह भोला, कृष्ण सांगा, जयवीर सांगा, रमेश दहिया, कुलदीप जमालपुर, मनोज कुमार, प्रिया लेघा भानाना, दीपक सांगा, धीरा चांग, अनिल नाथुवास, सरोजा, अनुपमा, तमन्ना, उदयवीर, सोनू दहिया, उषा, रविंद्र कुमार, कलावती, सुशीला, राजपाल सिंह, पास्टर सुनीता, सुभाष व एकता आदि मौजूद रहे।

---




**भिवानी।** जींद कन्वेंशन के लिए रवाना होते किसान, मजदूर व कर्मचारी।

### परमाणु ऊर्जा में विदेशी पूंजी की छूट का विरोध

## भिवानी से जींद कन्वेंशन के लिए सैकड़ों किसान हुए रवाना

- बिजली निजीकरण संशोधन विधेयक वापस करवाने के विरोध में 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

अखिल भारतीय किसान सभा, सर्व कर्मचारी संघ व सीटू भिवानी के सैंकड़ों कार्यकर्ता बिजली निजिकरण संशोधन विधेयक 2025 तथा परमाणु ऊर्जा में विदेशी पूंजी को छूट देने के विरोध में राज्य स्तरीय जींद में होने वाली कन्वेंशन में भाग लेने के लिए भिवानी से जींद रवाना हुए। इन कार्यकर्ताओं के पहले जत्थे का नेतृत्व किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल व सकसं के जिला प्रधान सुमेर आर्य कर रहे रहे। जत्थे को संबोधित करते हुए किसान सभा के जिला उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि केंद्र सरकार बिजली क्षेत्र का निजीकरण करके जनता पर स्मार्ट मीटर थोपना चाहती है।

कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि बिजली मंहगी होने पर किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों के लिए भारी भरकम बिलों की अदायगी मुसीबत बन जाएगी, इसलिए केंद्र सरकार को बिजली जैसा महत्वपूर्ण क्षेत्र का निजीकरण वापस लेना चाहिए, क्योंकि बिजली आमजन के रोजमर्रा के कामों के लिए जरुरी है। इससे प्राईवेट कंपनी को लाभ के लिए छूट देना कल्याणकारी राज्य से छुटकारा पाना है।

#### परमाणु ऊर्जा महत्वपूर्ण क्षेत्र

उन्होंने कहा कि वैकल्पिक उर्जा के लिए परमाणु उर्जा महत्वपूर्ण क्षेत्र है और इससे हमारे पर्यावरण को नुकसान भी नहीं होता, लेकिन पूरी तरह विदेशी पूंजी के लिए इसे खोलना खतरे से खाली नहीं है। जो विदेशी कम्पनियां हमारे देश में परमाणु रियेक्टर लगाएंगी, वे ज्यादा से ज्यादा लाभ कमाने के उद्देश्य से लगाएंगी, परमाणु उर्जा बनाने वाले रियेक्टरों के खतरे के प्रति सामाजिक सुरक्षा की तरफ उनका ध्यान नहीं होगा। परमाणु क्षेत्र में विदेशी निवेश के मुद्दे 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भी उठाए जाएंगे।

---

### हरियाणा के धाकड़ों ने अपने खेल से दिल्ली में गाड़ा झंडा

## जूनियर नेशनल हैंडबॉल में प्रदेश की टीम ने जीता रजत

- हरियाणा हमेशा से रहा हैंडबॉल की नर्सरी : महेश कुमार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

दिल्ली में आयोजित 47वीं एचएफआई जूनियर बॉयज नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप में हरियाणा की टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर रजत पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। बेहद कड़े मुकाबले और देशभर की दिग्गज टीमों को पछाड़ते हुए हरियाणा की टीम फाइनल तक पहुंची और उप-विजेता बनकर उभरी। इस सफलता की नींव 26 दिसंबर को ही रख दी थी, जब गांव सरल स्थित एमडी स्कूल में प्रदेश स्तरीय चयन ट्रायल किए गए थे।

कोच विवेक खरकिया के नेतृत्व में 250 खिलाड़ियों में से 30 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को तराशा गया था। मैदान पर खिलाड़ियों की तकनीक, फिटनेस व मानसिक मजबूती पर दिए विशेष ध्यान का ही परिणाम है कि टीम ने नेशनल स्तर के भारी दबाव में भी बेहतरीन तालमेल का परिचय दिया और पदक अपने नाम किया। एचएफआई के अध्यक्ष महेश कुमार ने कहा कि हरियाणा हमेशा से हैंडबॉल की नर्सरी रहा है। टीम ने जिस जज्बे के साथ फाइनल तक का सफर तय किया, वह काबिले तारीफ है।



**भिवानी।** अतिथियों के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

---

### एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी दवाएं लेने से दूसरों तक एड्स फैलने का जाखिम होता है कम

## मोरका में नाटक मंचन के माध्यम से ग्रामिणों को किया एड्स के प्रति जागरूक

- कलाकारों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर दी ग्रामीणों को जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

हरियाणा स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी स्वास्थ्य विभाग हरियाणा पंचकूला के निर्देशानुसार भिवानी सामान्य अस्पताल सीएमओ, डिप्टी सीएमओ की कुशल मार्गदर्शन के अंतर्गत गांव मोरका में हेमंत सैनी कल्चरल थिएटर एंड वेलफेयर सोसाइटी के कलाकारों ने एड्स के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया। एड्स के फैलने, उसके लक्षण और सरकार की योजनाएं जनता के लिए लागू की गई है, उनका लाभ उठाने के लिए नाटक मंचन किया और नाटक के माध्यम से जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर लोगों को जागरूक किया।




**भिवानी।** नाटक का मंचन कर ग्रामीणों को एड्स के प्रति जागरूक करते कलाकार।

#### टीम ने किया एड्स टेस्ट

कलाकार दीपिका, श्रुति, चाहना, रितिका, दीपिका, राधिका, मुस्कान व रितु ने बताया कि सुरक्षित यौन संबंध के लिए कंडोम का सही उपयोग करें। स्वच्छ सुइयां, नशीली दवाओं के इंजेक्शन को कभी भी सांझा सुइयों का उपयोग न करें। एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी दवाएं जीवनभर लेनी पड़ती हैं, लेकिन ये वायरस को दबा देती हैं, जिससे व्यक्ति स्वस्थ रहता है और दूसरों तक वायरस फैलने का जोखिम कम होता है। उन्होंने बताया कि जल्दी जांच और इलाज से लंबी उम्र मिलती है। चिकित्सा विभाग की टीम ने ग्रामीणों का एचआईवी एड्स के टेस्ट भी किया, जिसके अंतर्गत चिकित्सा विभाग टीम के आईसीटीसी सेंटर रविंद्र गोदारा, हेल्थ ऑफीसर मनीष व गांव के सरपंच अनूप सिंह,पच दलेलसिंह, प्रधान रामचंद्र आदि मौजूद रहे।

---

### पशुओं का आरामगाह बनी जमालपुर की राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला



**भिवानी।** वाकई धन्य है हरियाणा सरकार, शिक्षा विभाग। शिक्षा के मंदिर के आगे सफाई होनी चाहिए। वहां पर कचरा, कूड़ा व पशुओं की आरामगाह बनी हो। ऐसे में किस तरह से विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर सके। ऐसा ही मामला बवानीखेड़ा के जमालपुर गांव के प्राइमरी पाठशाला का बना है। जमालपुर गांव में स्थित राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला संख्या दो के मुख्य गेट के आगे आवारा पशुओं का जमावड़ा बना रहता है। साथ ही सफाई न होने की वजह से जगह जगह कचरे के ढेर लगे है। कचरा उड़कर क्लासरूम तक पहुंच रहा है। इनके अलावा स्कूल के आगे अनेक जगहों पर लकड़ी के भी ढेर लगे है। जो कि स्कूल की सुंदरता व स्वच्छता की ओर मुंह चिढा रहे है। हैरानी की बात यह है कि इस बारे में कई बार शिक्षकों ने पंचायत व जिला प्रशासन से शिकायत की गई,लेकिन आज तक स्कूल के आगे पड़ी गंदगी को नहीं उठाया गया है।

---

### कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने निभाई सक्रिय भागीदारी

## हमारा पोषण हमारी पंचायत के जरिए महिलाओं व बच्चों को किया जागरूक

- गांवों पोषण के स्तर को सुधारने के लिए कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य और पोषण के स्तर को सुधारने के उद्देश्य से हमारा पोषण हमारी पंचायत कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह विशेष अभियान बामला व रेवाड़ी गांवों में चलाया, जिसमें विभाग के अधिकारियों और स्थानीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अतिरिक्त उपायुक्त के मार्गदर्शन और में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य पोषण 2.0 के दिशानिर्देशों को धरातल पर उतारना है। कार्यक्रम के दौरान कुपोषण मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जन-भागीदारी को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया।

कार्यक्रम में गांव की लाभार्थी महिलाओं, विशेषकर गर्भवती महिलाओं और धात्री (स्तनपान कराने वाली) माताओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया।



**भिवानी।** हमारा पोषण हमारी पंचायत कार्यक्रम में उपस्थित आंगनवाड़ी वर्कर व महिलाएं।

---

### आश्रम विवाद को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

## शेखावटी ब्रह्मचारी आश्रम में प्रशासनिक हस्तक्षेप की मांग

- ब्रह्मचारी आश्रम में चुनाव एवं वित्तीय धांधली को लेकर घमासान, प्रशासक नियुक्त करने की मांग
- आश्रम के फंड का किया जा रहा दुरूपयोग, वर्तमान चुनाव प्रक्रिया भी गलत : रामकिशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

हरियाणा शेखावाटी ब्रह्मचारी आश्रम में प्रबंधन को लेकर चल रहा विवाद अब गहराता जा रहा है। ब्राह्मण समाज जनहितार्थ संगठन ने आश्रम के ट्रस्ट और चुनाव प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। संगठन के प्रधान सुरेश कौशिक व महासचिव रामकिशन ने वीरवार को इस संबंध में उपायुक्त को समाधान शिविर में ज्ञापन सौंपकर आश्रम में तुरंत प्रशासक नियुक्त करने और निष्पक्ष चुनाव करवाने की पुरजोर मांग की है। संगठन के प्रधान सुरेश व महासचिव रामकिशन ने बताया कि आश्रम जैसी पवित्र संस्था में वित्तीय धांधली और ट्रस्ट के नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वे प्रशासन से मांग करते हैं कि जब तक निष्पक्ष चुनाव नहीं होते, यहां प्रशासक नियुक्त किया जाए और कर्मचारियों के वेतन के अलावा अन्य सभी खर्चों पर तुरंत पाबंदी लगाई जाए।

#### फंड का हो रहा दुरुपयोग

रामकिशन, सिलकराम व राजपाल ने आरोप लगाया कि आश्रम के फंड का दुरुपयोग किया जा रहा है, जिसकी पुष्टि जांच रिपोर्टों में भी हुई है। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान चुनाव प्रक्रिया भी पूरी तरह गलत है। एडीसी, सीटीएम, स्टेट रजिस्ट्रार और डीआरओ भिवानी जैसे अधिकारियों ने भी इस संदर्भ में आपत्तियां दर्ज की हैं। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भगवान परशुराम मंदिर में 84 खाप के प्रधान अमरचंद शर्मा और नागरिकों ने समाधान की कई बार कोशिश की गई थी।

---

### डिस्ट्रीब्यूट्री टूटने से करीब 300 एकड़ से ज्यादा गेहूं की फसल पानी में डूबी, काफी नुकसान

## विधायक सांगवान ने दादरी डिस्ट्रीब्यूटर का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

गांव नीमड़ी में नहर टूटने से फसलों में हुए नुकसान की रिपोर्ट बनाएं अधिकारी: सांगवान

- पानी निकासी के करें पुख्ता प्रबंध, भविष्य में न बने नहर टूटने की समस्या : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चरखी दादरी

गांव नीमड़ी के समीप दादरी डिस्बट्रीब्यूटरी टूटने से सैंकड़ों एकड़ गेहूं की फसल जलमग्न हो गई। चरखी दादरी के विधायक सुनील सांगवान ने नहर टूटने से प्रभावित फसलों का निरीक्षण किया और मौके पर अधिकारियों को पानी निकासी के उचित प्रबंध करने को कहा। इसके साथ ही एसडीएम को प्रभावित फसलो का मुआवजा जारी करने के बारे में रिपोर्ट बनाकर भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी ऐसे प्रबंध करें, जिससे भविष्य में नहर न टूटे।



**चरखी दादरी।** फसलों का निरीक्षण करते विधायक सुनील सांगवान

#### किसानों को दिया नुकसान की भरपाई का आश्वासन

विधायक सुनील सांगवान वीरवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ गांव नीमड़ी में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने दादरी डिस्ट्रीब्यूटरी के कटाव होने से आसपास के क्षेत्र कों में भरे पानी का जायजा लिया। विधायक ने किसानों से बात की। किसानों ने विधायक को बताया कि करीब 300 एकड़ से भी ज्यादा गेहूं की फसल पानी में डूब गई है जिसके कारण उन्हें काफी नुकसान हुआ है। विधायक सांगवान ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से पानी निकासी के पर्याप्त प्रबंध करने के निर्देश दिए और किसानों को उनके हुए नुकसान की भरपाई करवाने वाले आश्वासन दिया। विधायक सांगवान ने एसडीएम आशीष सांगवान को प्रभावित फसलों में हुए नुकसान की रिपोर्ट बनाकर भेजने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि प्रभवित फसलों की स्पेशल गिरदावरी कराकर किसानों के नुकसान की भरपाई करवाई जाएगी। वहीं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को नहर के कटाव को जल्द ठीक करने व भविष्य में नहर ना टूटे, इसके लिए पुख्ता प्रबंध करने की बात कही। इस दौरान एसडीएम आशीष सांगवान, सिंचाई विभाग के बौंद डिविजन एक्सईएन अश्विनी सुहाग आदि मौजूद रहे।

**आदर्श महिला महाविद्यालय, भिवानी**

**सूचना**

आदर्श महिला महाविद्यालय में कैंटीन के लिए महिला कैंटिन संचालक की आवश्यकता है। इच्छुक महिला संपर्क करें।

आवेदनः आदर्श शिक्षा समिति कार्यालय, आदर्श महिला महाविद्यालय कैंपस, हांसी गेट, भिवानी में बंद लिफाफे में 10 दिन के अंदर जमा करवाएं।

संपर्क हेतु :- 92531 26192

आवेदन की आखिरी तारीखः 25 जनवरी, 2026

न्यूनतम किराया वार्षिक : 2,75,000/- (GST अतिरिक्त)

सचिव
आदर्श शिक्षा समिति कार्यालय
आदर्श महिला महाविद्यालय, भिवानी